**बरेली पुलिस**

**थाना बहेडी**

# प्रेस नोट

## दिनांक 11.10.2025

## थाना बहेड़ी #bareillypolice द्वारा दिनांक 10.10.2025 की रात्रि में एक व्यक्ति को जान से मारने की नीयत से गोली मारने वाले अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

थाना बहेड़ी बरेली पुलिस द्वारा दिनांक 10.10.2025 को अभियुक्त जैश मौहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बाडेला निवासी भौना फार्म थाना बहेडी जनपद बरेली द्वारा वादी के पुत्र गुरनाम सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी भौना फार्म थाना बहेडी जनपद बरेली को आपसी बातचीत में गाली गलौज होने पर जान से मारने की नीयत से गोली मार देने के सम्बन्ध में दिनांक 11.10.2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0 980/2025 धारा 126(2)/109 BNS से सम्बन्धित अभियुक्त जैश मौहम्मद उपरोक्त को दौरान पुलिस मुठभेड़ दिनांक 11.10.2025 को समय प्रातः करीब 06.15 बजे गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

थाना बहेडी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 980/2025 धारा 126(2)/109 BNS में वांछित अभियुक्त जैश मौहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बाडेला निवासी भौना फार्म थाना बहेड़ी जनपद बरेली की तलाश में चौकी सिरसा क्षेत्र में नौला फार्म के पास चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान समय करीब 06.15 बजे मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे थाना पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त व्यक्ति पुलिस पर फायरिंग करने लगा। तब पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ न्यूनतम जवाबी फायरिंग की गयी तो अभियुक्त जैश मौहम्मद उपरोक्त के पैर में गोली लगी। अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। अभियुक्त जैश मौहम्मद उपरोक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से गोली मारने से घायल गुरनाम सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी भौना फार्म थाना बहेड़ी जनपद बरेली का उपचार एस0आर0एम0एस0 भोजीपुरा अस्पताल में चल रहा है जो वर्तमान में खतरे से बाहर है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक उत्तरी महोदय के निर्देशन, श्रीमान क्षेत्राधिकारी बहेड़ी महोदय के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर थाना बहेड़ी के नेतृत्व में व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, उ0नि0 मनोज कुमार उपाध्याय, उ0नि0 रजनीश कुमार, का0 2855 विनय कुमार व का0 2854 मो0 राशिद थाना बहेड़ी द्वारा मु0अ0सं0 980/2025 धारा 126(2)/109 BNS में वांछित अभियुक्त जैश मौहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बाडेला निवासी भौना फार्म थाना बहेडी जनपद बरेली की तलाश में नौला फार्म के पास चैकिंग की जा रही थी कि एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गयी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में उक्त व्यक्ति के पैर में गोली लगी। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा एवं एक जिंदा कारतूस 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी बहेड़ी ले जाया गया। जहां से अभियुक्त को अग्रिम उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया है, जहाँ अभियुक्त उपचाराधीन है। अभियुक्त से हुई मुठभेड के सम्बन्ध में थाना बहेडी पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. जैश मौहम्मद पुत्र रियाज अहमद उर्फ बाडेला निवासी भौना फार्म थाना बहेडी जनपद बरेली उम्र करीब 25 वर्ष

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

1. मु0अ0सं0 981/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुद्ध अधि0 थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**आपराधिक इतिहास सुखविन्दर सिंहः-**

1. मु0अ0सं0 766/24 धारा 115(2)/127(2)/132/351(3)/352 बीएनएस थाना बहेड़ी जनपद बरेली।
2. मु0अ0सं0 980/25 धारा 126(2)/109 बीएनएस थाना बहेड़ी जनपद बरेली।
3. मु0अ0सं0 981/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुद्ध अधि0 थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. एक मोटरसाइकिल स्प्लेन्डर
2. एक तमंचा 315 बोर
3. एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. दो खोखा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीमः-**

1. श्री संजय तोमर प्रभारी निरीक्षक थाना बहेड़ी जिला बरेली।
2. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह थाना बहेड़ी जिला बरेली।
3. उ0नि0 मनोज कुमार उपाध्याय थाना बहेड़ी जिला बरेली।
4. उ0नि0 रजनीश कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।
5. कां0 2855 विनय कुमार थाना बहेड़ी जिला बरेली।
6. कां0 2854 मो0 राशिद थाना बहेड़ी जिला बरेली।